## अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

### सबसे स्वच्छ शहर इन्दौर की बदनामी... जिम्मेदार कौन?

इन्दौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दुषित और जानलेवा पीने के पीने से पिछले समय जघन्य कांड निगम प्रशासन, महापौर, वार्ड जनप्रतिनिधि और नगर प्रशासन की लापरवाहियों से हादसा हुआ।

शहर के भागीरथ पुरा क्षेत्र की आबादी लगभग 50 हजार के आसपास होगी। जहरीला पानी का उपयोग और पीने से 36-37 मौते हुई बाकी जनता सुरक्षित कैसे रहेगी ?

शायद सावधानियां और सतर्कता की वजह से जनता संभल गई होगी। यह उनके लिए बहुत ही अच्छी बात रही। इतने समय से नगरनिगम के अलावा अधिकारियों, उसके महापौर, वार्ड प्रतिनिधि और विभाग के मुखिया को वहां के लोगों की चिंता-फिक्र जरा भी नहीं थी।

निर्दोष लोग 36-37 के आसपास दुखी असहाय होकर मारे गए। अनेकों अस्पतालों में भर्ती है और कई लोगों केअंदरूनी अंग गंभीर स्थितियों में हो चुके हैं। प्रदेश सरकार एवं विभाग के मुखिया पीड़ित परिवारों के मृत व्यक्तियों को एक करोड़ की आर्थिक मदद और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएं। देश में एक तरफ से सबसे स्वच्छ शहर इन्दौर की बदनामी हुई। उसका जुम्मेदार कौन होगा?

त्रिदिवसीय फाग महोत्सव का शुभारंभ

# बड़े गणपति के दर्शन से प्रारंभ हुई भव्य निशान यात्रा

श्याम सुन्दर सोनी-चैतन्य मानुष

**इंदौर। फाल्गुन माह की भक्तिमय छटा के बीच आज प्रात: खाटू श्याम फाग महोत्सव के अंतर्गत आयोजित भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ बड़े गणपति मंदिर में विधिवत दर्शन-पूजन के साथ हुआ।**

श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मध्वज (निशान) थामे उत्साहपूर्वक यात्रा में सहभागिता की। इसी मंगलमय अवसर के साथ अंबिकापुरी (एरोड्रम रोड) स्थित श्री खाटू श्याम धाम में आयोजित त्रिदिवसीय फाग महोत्सव की औपचारिक शुरुआत भी संपन्न हुई।

नियोजित मार्ग से आगे बढ़ती शोभायात्रा में श्याम भक्तों का अद्भुत उत्साह, अनुशासन और भक्ति-भाव देखने को मिला। हाथों में सुसज्जित निशान लिए श्रद्धालु श्याम नाम के जयघोष एवं मधुर भजन-कीर्तन की धुन पर थिरकते रहे। बैंड-बाजों, पुष्प वर्षा और भक्तिरस से सराबोर संगीत ने वातावरण को आध्यात्मिक उल्लास से भर दिया। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया।

यात्रा के शुभारंभ के समय आयोजित प्रेसवार्ता में श्री श्री खाटू श्याम धाम, अंबिकापुरी के संस्थापक एवं महामण्डलेश्वर श्री गोपाल दास जी शर्मा ने निशान यात्रा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फाल्गुन मास बाबा श्याम की आराधना का विशेष कालखंड है, जब भक्तिभाव, प्रेम और उल्लास का दिव्य संगम होता है। उन्होंने बताया कि निशान यात्रा



**महामण्डलेश्वर श्री गोपाल दास जी शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया – फाल्गुन में निकाली जाने वाली निशान यात्रा आस्था, समर्पण और आध्यात्मिक जागरण की प्रतीक**

केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और सामूहिक आस्था की गतिशील अभिव्यक्ति है।

महामण्डलेश्वर श्री शर्मा ने अपने अभिमत में कहा कि बाबा श्याम के दरबार में फाल्गुन के अवसर पर निकाली जाने वाली निशान यात्रा भक्त और भगवान के मध्य आत्मीय संबंध का प्रतीक है। यह यात्रा समाज में एकता, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि जब हजारों श्रद्धालु एक स्वर में श्याम नाम का संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ते हैं, तब वह केवल शोभायात्रा नहीं, बल्कि आध्यात्मिक चेतना का प्रवाह बन जाती है। उन्होंने आगे कहा कि अखंड नाम-जाप, महा आरती और फूलों की होली जैसे कार्यक्रम मन, वचन और कर्म की शुद्धि के माध्यम हैं। विशेष रूप से फूलों की होली को उन्होंने प्रेम, सौम्यता और सात्विक आनंद की परंपरा बताते हुए कहा कि यह उत्सव भक्तों को अहंकार से दूर कर भक्ति और विनम्रता के मार्ग पर अग्रसर करता है।

निशान यात्रा के दौरान भक्ति, ऊर्जा और सामूहिक सहभागिता का अनुपम दृश्य दृष्टिगोचर हुआ। युवा, महिलाएँ और वरिष्ठजन सभी वर्गों के श्रद्धालु श्रद्धा-भाव से सहभागी बने। आयोजन समिति द्वारा पेयजल, प्राथमिक उपचार, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं, जिससे यात्रा सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न हुई।

श्याम भजनों की गूंज के बीच आगे बढ़ती यह यात्रा श्रद्धा और समर्पण का जीवंत प्रतीक बन गई। श्रद्धालुओं के चेहरों पर भक्ति की आभा और उत्साह की चमक स्पष्ट दिखाई दी। शोभायात्रा श्री खाटू श्याम धाम पहुँची, जहाँ विशेष आरती, मंगलाचरण एवं पुष्प अर्चन के साथ बाबा का स्वागत किया गया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, त्रिदिवसीय फाग महोत्सव के आगामी चरणों में एकादशी के पावन अवसर पर अखंड जाप, विशेष श्रृंगार, महा आरती एवं फूलों की होली जैसे आध्यात्मिक आयोजन संपन्न होंगे। महोत्सव का उद्देश्य भक्तों को भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं के समन्वय से आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है।

## लोकल स्पोर्ट्स

### कम उम्र में बड़ी कामयाबी-सैय्यद अबुजर अली ने जीते कई पदक



**इंदौर।** शहर के नन्हे कराटे खिलाड़ी सैय्यद अबुजर अली ने बेहद कम उम्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से खेल जगत में अलग पहचान बना ली है। मात्र 4 वर्ष की आयु में उन्होंने 21वीं मध्यप्रदेश राज्य रेनबुकान कराटे चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

अबुजर ने अपने कराटे जीवन की शुरुआत जिला स्तरीय प्रतियोगिता से की थी, जहाँ उन्होंने पहला पदक जीतकर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उन्होंने काता और कुमिते–दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया। वर्तमान में अबुजर सेंट पॉल हा सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी के छात्र हैं। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन राज्य रेनबुकान कराटे टीम में किया गया। हाल ही में चाईबासा स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित कोटनाला कप ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में भाग लेते हुए उन्होंने काता इवेंट में गोल्ड मेडल तथा कुमिते इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर श्री कृष्ण पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर विकास शर्मा ने अबुजर को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कोच मास्टर सईद आलम ने खुशी जाहिर करते हुए अबुजर को गोद में उठाकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रिंसिपल फादर जोलिचन ने भी अबुजर को बधाई देते हुए उनके उवल भविष्य की कामना की।

### पोदार इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर इंदौर में जेमी नाइट की वर्कशॉप




**इन्दौर।** सुपरिचित शैक्षणिक संस्था पोदार इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर इंदौर में विश्व के टॉप प्रोफेशनल फ्रिस्टाइल फुटबॉलर जेमी नाइट की कार्यशाला का विद्यार्थियों हेतु आयोजन किया गया। जेमी नाइट वर्ल्ड के सबसे अनुभवी फ्रिस्टाइल कोच है तथा इनके नाम 2 प्रेस्टीजिअस गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है, जेमी नाइट ने 2022 फिफा वर्ल्ड कप में भी प्रदर्शन किया है। पोदार इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर इंदौर के प्राचार्य श्री सुधीर महाजन ने बताया कि जेमी नाइट ने प्री प्रायमरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को डेमो तथा विभिन्न ट्रेनींग प्रदान कि जिसे विद्यार्थियों ने बहुत पसंद किया तथा इस वर्कशाला के बाद फुटबाल के प्रति उनमे विशेष रुची निर्मित हुयी। जेमी नाइट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विभिन्न स्कील्स की जानकारी दी तथा प्रेक्टिज, पेंशन एवम पॉजिटीविटी से फुटबॉल में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

# एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा : सीसीआय की शानदार जीत



**इन्दौर। आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी–20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत दुधिया रोशनी में सीसीआय एवं जय गिरनारी क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट पर 171 रन बनाये ।**

कार्तिक परिहार ने 54 व प्रथम संकट ने 50 रन बनाये । जवाब में जय गिरनारी क्लब 82 रनों पर सिमट गई और यह मैच 89 रनों से हार गई । सैयद शम्सउद्दीन में 10 रन देकर 4 विकेट व नचिचकेत जायसवाल ने 3 विकेट लिये ।

### एकेसीए की रोमांचक जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एकेसीए एवं स्टार क्लब के मध्य खेला गया जिसमें एकेसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 130 रन बनाये। सिद्धांत अग्रवाल ने 54 रन बनाये । आर्यन चन्देल ने 4 विकेट लिये । जवाब में स्टार क्लब की टीम 20 ओवरो में 9 विकेट पर 114 रन ही बना पाई और यह मैच 6 रनों से हार गई । अन्वेश चावला ने 3 विकेट लिये ।

### आरबीसीएफ की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमकेसीसी एवं आरबीसीएफ के मध्य खेला गया सिजमें आरबीसीएफ ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 173 रन बनाये हिमांशु शिन्दे ने 49 रन एव 'अंश बागडिया ने नाबाद 45 रन बनाये । शिवांश ने 3 विकेट लिये । जवाब में एमकेसीसी की टीम 20 ओवरो में 154 रनों पर सिमट गई और यह मैच 19 रनों से हार गई । अभिषेक मावी ने 51 रन बनाये। कार्तिक पटेल ने 5 विकेट लिये।

### आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा : एमवायसीसी की शानदार जीत



आईडीसीए के तत्वावधान में आयसीसी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित आयसीसी महावीर टी-20 क्रिकेट स्पर्धा में आज एमवायसीसी एवं देव्ज एकेडमी के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में 96 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये । सक्षम सोलंकी `न 4 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी ने चंचल राठौर ने 35 रन एवं कुलदीप गेही के नाबाद 54 रनों की मदद से यह मैच 7 ओवरो में 1 विकेट खोकर 98 रन बनाकर 9 विकेट से जीत लिया ।

### श्रीराम स्पोर्ट्स की आसान जीत




इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम स्पोर्टस एवं एसएस कम्यून के मध्य खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट पर 151 रन बनाये। शुभम राठौर ने नाबाउ 57 रन बनाये। जवाब में श्रीराम स्पोटस ने 18 ओवरो में 3 विकेट खोकर 152 रन बनाकर यह मैच 7 विकेट से जीत लिया । घर्मेश पटेल ने आक्रामक 75 रन एव 'अंशुल त्रिपाठी ने नाबाद 49 रन बनाये ।

### इंदौर स्पोर्ट्स की रोमांचक जीत



इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमबीसीए एवं इंदौर स्पोर्टस के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में सभी विकेट खोकर 122 रन बनाये । अनिल मौर्य ने 31 रन बनाये ।विनय शर्मा व गौरव शर्मा ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एमबीसीए की टीम 10 ओवरो में 118 रनों पर सिमट गई और यह मैच 6 रनों से हार गई । गौरव शर्मा ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 30 रन बनाये लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके ।

### जब विश्व विजेता होने पर मां की आंखों से खुशी के आंसू टपक पड़े थे

अभी टी ट्वेंटी विश्वकप का दसवां सत्र हमारे देश भारत और श्रीलंका में जारी है। विश्व कप क्रिकेट की महफिल जमते ही मेरी स्वर्गीय मां की सुखद और चिरस्मरणीय यादें ताजा हो जाती है। हम जब हाई स्कूल में पढ़ते थे तो उस समय टी ट्वेंटी क्रिकेट नहीं आया था। उस समय टेस्ट क्रिकेट, और चार साल में एक बार एक दिवसीय विश्व क्रिकेट का नशा क्रिकेट प्रेमियों के सर चढ़कर बोलता था। उस समय आज के जैसे सभी के घर घर टेलीविजन भी नहीं था। हम तो उस समय रेडियो के माध्यम से ही क्रिकेट का आंखों देखा हाल, कमेंट्री, सुनकर क्रिकेट का खूब मजा लूटते थे। महान सुनील गावस्कर, गुंडप्पा विश्वनाथ, दिलीप वेंगसरकर, बिशन सिंह बेदी, इरापल्ली प्रसन्ना, भागवत चंद्रशेखर, श्रीनिवास वेंकटराघवन, किस किस के नाम लूं। सुखद और आनंदमय बचपन सभी के नसीब में नहीं होता है। विश्व में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाले हमारे महान भारत में अनगिनत बच्चों की जिंदगी सिर्फ दो वक्त खाने के लिए तरसने हैं। लेकिन बचपन में मैं भूख क्या चीज होती है जानता ही नहीं था। मैं तो सोचता था कि अगर मुझे क्रिकेट कमेंट्री सुनने को मिले तो मैं खाना पीना भी भूल जाऊं। हालांकि आज वो बात नहीं है और आज मुझे भूख की सच्चाई मालूम है। फिर भी मैं क्रिकेट प्रेमी हूं और विश्व कप क्रिकेट आते ही मुझे मेरी मां की खुशी भरी आंखों के आंसू याद आ जाते है। मेरी मां तो क्रिकेट का क भी नहीं जानतीं थीं। लेकिन जब 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय टीम ने परम शक्तिशाली वेस्टइंडीज को हराकर विश्व कप जीता था तो हमारी खुशी देखकर मां ने पूछा था, हां रे, भारत ने सब को हरा दिया है ! भारत के विश्व विजेता होने पर मां की आंखों के वे सुखद आंसू आज भी दिल को पागल बना देते हैं।

**– अनित कुमार राय टिंकू, बाघमारा, धनबाद**

**इंदौर नगर पालिक निगम, इंदौर**
**जाहिर सूचना**

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुस्कान पिता दिनेश शर्मा द्वारा झोन क्रमांक 03 वार्ड 57 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नंबर 1000884125 पता 81 जती कॉलोनी, 101 जीवनप्रभा अर्पाटमेंट इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 28.02.2026 से 07 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 03 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 03, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

**सूचना**

हमारी कम्पनी उत्कर्ष विनिमय प्रायवेट लिमिटेड के ऑफिस के स्थानांतरण के दौरान उसकी फाइल्स, रजिस्टर, सील आदि सामान का एक सफेद, थैला कही छूट गया या रास्ते मे ले जाते समय गिर गया। यदि किसी को मिले तो कृपया सूचित करें।

**उपेंद्र सक्सेना**
**पता- 135 मां सूरज विहार, इंदौर, मो. 8989294664**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, पूर्व में मेरा नाम आशारम गुर्जर (Asharam Gurjar) था, जो कि अब परिवर्तित कर आशाराम गुर्जर (Aasharam Gurjar) कर लिया गया है तथा प्रकाशन के उपरांत मुझे आशाराम गुर्जर (Aasharam Gurjar) के नाम से ही जाना व पहचाना जावेगा।

नया नाम- आशाराम गुर्जर ( Aasharam Gurjar ) पिता छज्जुलाल गुर्जर
पता- 110/2- बी, गुरू नगर, विजय नगर, इन्दौर

# श्री गुजराती स्थानकवासी जैन संघ में नए पदाधिकारी नियुक्त

**इन्दौर।** इस वर्ष यानी की 2026-2027 के लिए श्री गुजराती स्थानकवासी जैन संघ के सर्वानुमति से चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी संजयभाई देसाई ने नवनिर्वाचित सदस्य नियुक्त हुए। अध्यक्ष योगेशभाई कोठारी, उपाध्यक्ष दिलीपभाई कामाणी, मानद मंत्री निमेषभाई कोठारी, कोषाध्यक्ष कमलेशभाई पंचमीया, सहसचिव संदीपभाई महेता एवं कार्य समिति के चेयरमैन हंसमुखभाई गांधी, मुकेश भाई लाठिया के साथ कार्यकारिणी के 16 सदस्यों के नाम की घोषणा की गई।

**इन्दौर।** क्षेत्र क्रमांक 3 की वार्ड 56 में पिछले महीने सीमेन्टीकरण का कार्य किया गया था, इस दौरान पानी की बोरिगों के नल काट दिए गए थे। पिछले 15-20 दिनों से बोरिंग की लाइन नहीं होने के कारण जीवन की फैल, टापू नगर आदि क्षेत्र में रहवासियों को पानी की दिक्कत आ रही है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that an 'Agreement to Sale' was executed between my client and Mr. Mohit Mahajan (R/o 4, Telephone Nagar, Kanadiya Road, Indore) regarding the sale of my client's owned property, i.e., Flat No. G-2 (Ground Floor), "Sukhmani Suryansh-D", Alok Nagar, Plot No. 79, Village Khajrana, Tehsil & District Indore. Since Mr. Mohit Mahajan has completely failed to comply with any of the terms and conditions of the said agreement, my client has cancelled the said deal/agreement with immediate effect.

Therefore, the general public and financial institutions are hereby cautioned not to enter into any transaction, deal, or agreement with Mr. Mohit Mahajan regarding the said property. If any person or entity does so, they shall be solely responsible for any risk, loss, or legal consequences arising thereof, and my client shall bear no legal liability or binding for the same.

**Ashok Soni (Advocate)**
**201, Indore Press Club, M.G. Road, Indore**
**mob.:-8888881944, 9981111246**

**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 1 इंदौर**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमित पिता कैलाश गोयल मो.नं. ..... द्वारा झोन क्रं. 1, राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1003070235 पता 765 नरीमन सिटी ब्लाक-ए फ्लैट नं. 310 इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 28.02.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 1, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

**इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 1 इंदौर**
**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमित तिवारी मो.नं. ..... द्वारा झोन क्रं. 1, राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वारिस नाते प्रस्तुत कर सर्विस/पिन 1003070235 पता 765 नरीमन सिटी ब्लाक-ए फ्लैट नं. 517 इंदौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 28.02.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 1 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 1, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

**In The Court of XII Civil Judge Class I District Court, Indore**
**Presiding Officer : चैतन्य अनुभव चौबे**
प्रकरण क्रमांक (MJC SUC 21/2026.)
श्रीमती शशिकला Vs सर्वसाधारण व अन्य

**Process ID** **पेशी दिनांक 23.03.2026**

**प्रेषिती** (1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती शशिकला रांवका पति स्व: सुरेंद्र रांवका निवासी 174 ए महात्मा गांधी मार्ग कृष्णपुरा इंदौर** म.प्र. ने उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23.03.2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23.03.2026 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा । यह आज तारीख 27.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

**(चैतन्य अनुभव चौबे), बारहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला न्यायालय इन्दौर म.प्र.**

**नोट:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

**In The Court Of 18 Civil judge Class-1. District Court Indore**
**Presiding Officer: श्रीमती चंचल बुन्देला**
प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/273/2025)

**Process ID** **पेशी दिनांक 26.03.2026**

राजेन्द्र राजगुरू **V/s** सर्वसाधारण व अन्य

**प्रेषिती**- 01 सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी राजेन्द्र राजगुरू पिता शिवराम राजगुरू आयु- 46 वर्ष, व्यवसाय प्रायवेट नौकरी, निवासी-फ्लेट नंबर बी-110, 58/3, समहित ग्रीनवुड्स थुबरटिली जिला बैंग्लोर (कर्नाटक) ने आपके विरूद्ध सिविल सूट के लिये बाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये समन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप नियत अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यदि आप निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 27.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया।

**श्रीमती चंचल बुन्देला**
**18वें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला न्यायालय इन्दौर (म.प्र.)**

**टिप्पणी : (1) कृपया ध्यान दे.. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।**

**न्यायालय उप-रजिस्ट्रार, सहकारी संस्थाएँ, जिला- इन्दौर**
**(समक्ष डॉ. मनोज जायसवाल उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ)**
**सूचना-पत्र**

श्री तिलक साख सहकारी संस्था मर्यादित तिलक नगर इन्दौर नया पता- 199 इंदौर तिलक नगर, इन्दौर मप्र ने आपके विरुद्ध विवाद प्रकरण संस्थित किया है। उपरोक्त वर्णित प्रकरण में निम्न विवरण अनुसार इस न्यायालय द्वारा आगामी सुनवाई तिथि नियत की गई है-

| अ क्रं. | प्रकरण क्रमांक | पक्षकार का नाम जिसे आहूत किया गया | सुनवाई की नियत तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | डीआर/आईएनडी/ 84-क /2025-26/ 00014 | 1. श्रीमती निता पति राजेश निदाने 2. राजेश पिता खुशाल निधाने 3. श्रीमती सलोनी पति राजेश निदाने तीनों निवासी 171, संजना पार्क, अग्रवाल स्कूल के पास, इन्दौर अन्य पता 23 नालंदा अपार्टमेंट, बिचौली मर्दाना, इन्दौर म.प्र. | 26.03.2026 |

उपरोक्त पक्षकार को उक्त नियत तिथि को दिन के 02.00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिए उप संजात / हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है आप न्यायालय प्लीडर के माध्यम से उप संजात हो सकते है. जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप इस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे समस्त दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या आपकी शक्ति में है, पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुरायी का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे में या शक्ति में हो या ना हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरे के दावें या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपबंध किये जाने वाली सूची में प्रविष्ठ करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में उक्त नियत दिनांक 26.03.2026 को इस न्यायालय में उपसंजात या हाजिर नहीं हो सके तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा, यदि किसी कारण से उक्त दिनाक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य निरंतर स्थगित हो जाता है, यदि किसी कारणवंश उक्त दिनांक को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर चले जाते है तो पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर लौटने के दिनांक को श्रवण किया जावेगा।

यह सूचना पत्र आज दिनाक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा जारी किया गया।

**(डॉ. मनोज जायसवाल) उप रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाये, जिला-इन्दौर**